सार्वजनिक सूचना

No. BSEH/EW/009/2024 DATE : 05-11-2024

सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार हेतु बोर्ड वैबसाईट पर कर सकते है आवेदन

05 नवम्बर, 2024 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 में संचालित करवाई गई परीक्षाओं के दौरान नकल उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले अध्यापक/अध्यापिकाएं सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार के लिए 29 नवम्बर, 2024 तक बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध वैब एप्लीकेशन लिंक से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

जैसा कि ज्ञात है कि परीक्षाओं की शूचिता बनाए रखने हेतु हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रत्येक वर्ष नकल उन्मूलन अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले जिला स्तर पर 01 अध्यापिका व 01 अध्यापक को क्रमशः सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2022–23 की सैकेण्डरी/सी0 सैकेण्डरी/डी0एल0एड0 की परीक्षाओं के लिए सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार हेतु जिला स्तर पर 01 अध्यापक एवं 01 अध्यापिका का निर्धारित मानदण्ड अनुसार चयन किया जाना है। नकल उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने/उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्बन्धित अध्यापक एवं अध्यापिकाएं 29 नवम्बर, 2024 तक बार्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध वैब एप्लीकेशन लिंक से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निर्धारित तिथि उपरान्त किसी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

सचिव